कि. बा. हजारे (अण्णा)
K. B. alias Anna Hazare

राळेगण सिद्धी, तालुका पारनेर,
जिल्हा अहमदनगर (महाराष्ट्र)
पिन - ४१४३०२
☎ ०२४८८-२४०४०१/२४०२२७
www.annahazare.org

Ralegan Siddhi, Tal. Parner,
Dist. Ahmednagar (Maharashtra)
PIN - 414302
☎ 02488-240401/240227
Email: annahazareoffice@gmail.com

दि: १७ नवम्बर २०१३
जन.१०/२०१३-१४

प्रिय अरविंद,

मैं कुछ समाचारों की वजह से चिंतित हूँ और मै आपसे अपने मन की परेशानी बताना चाहता हूँ। आप मेरे इस विचार से अच्छी तरह परिचित है कि, व्यवस्था परिवर्तन की शुरूआत लोकसभा से होती है विधानसभा से नही। विधानसभा का नीतिनिर्धारण और व्यवस्था परिवर्तन मे कोई रोल नही है। मै हमेशा कहता रहा हूँ कि, जब तक लोकसभा मे अच्छे ईमानदार लोग नही जाऐंगे तब तक लोकसभा में जनता के सवालों पर बातचीत हो नही सकती। देश मे बदलाव के जो अच्छे अच्छे कानुन बनवाने है, वह नही बन सकेंगे और जब तक लोकसभा मे पक्ष और पार्टियों के उमीदवार जाऐंगे तब तक देश मे लोकतंत्र आएगा ही नही।

आपने राजनितिक दल बनाया और दिल्ली मे विधानसभा चुनाव लडने का फैसला किया ये आपका फैसला है। मेरा आपकी पार्टी से और दिल्ली विधानसभा सहित किसी भी विधानसभा चुनाव से कोई लेना देना नही है। मुझे लगातार ये जानकारी मिल रही है कि, आपका सारा चुनाव अभियान इस तरह चलाया जा रहा है जिससे लगता है कि मेरा पूरा समर्थन आपके अभियान को है। इतना ही नही चुनाव मे आपके द्वारा इकट्ठे किए पार्टी कोष के बारे मे और मेरे बारे मे भी सवाल उठे है। जब की आप जानते है कि इस कोष से मेरा कोई संबंध नही।

जब रामलिला मैदान मे मेरा अनशन हुआ था, उस दौरान जो रूपये इकट्‌टे हुए उनका क्या हुआ उसके बारेमें मुझे कुछ पता नही, इसी तरह जंतरमंतर पर भी कोश इकट्ठा हुआ जिसके बारे मे मुझे कोई जानकारी नही है। लेकिन मेरा ये मानना है कि आंदोलन के नाम पर जो भी पैसे इकट्ठे होते है उन्हे आंदोलन मे ही खर्च करना चाहिए, चुनाव मे नही।

अभी और एक चिंताजनक समाचार लेकर कुछ प्रतिनिधि मंडल मेरे पास आए कि आपने मेरे नाम का कोई कार्ड या सिम कार्ड बनाया है, जिससे भी कोष इकट्ठा हुआ है। मैने तो कभी इसकी अनुमति ना आपको दी ना किसी और को दी। सिम कार्ड पर मेरा नाम होने के कारण काई न्यायालय मे जाए तो मुझे भी आरोपी बनाया जा सकता है। कोई कारण ना होते हुए न्यायालय मे आरोपी बनकर खडा होना मेरे लिए बहुत अपमान कारक बात है। आप का चुनाव के लिए पैसा इकट्ठा करना आपका मामला है, लेकिन आप के द्वारा मेरे नाम का उपयोग करना सही नही है। आपने २९ दिसंबर को रामलीला मैदान पर जनलोकपाल बिल पारित करने का आश्वासन दिया है जिसे सिर्फ लोकसभा पास कर सकती है, यह दिल्ली विधानसभा या किसी विधानसभा के अधिकार क्षेत्र मे ये नही आता।

सार्वजनिक जीवन मे रहने वाले व्यक्ति को कोष के बारे मे बहुत सावधान रहना चाहिए। मैने अपने सारे जीवनमे इसी बात का ध्यान रखा है। इसी कारण आज तक मेरे जीवन मे कोई दाग नही लगा है। आपके हवाले से आनेवाली जानकारी मुझे परेशान कर रही है इसलिए मेरा आग्रह है कि अपने चुनाव प्रचार अभियान मे न मेरा नाम ले ना ये प्रचारित करे कि मेरा किसी भी पार्टी से कोई रिश्ता है। कोश इकट्ठा करने मे मेरे नाम के इस्तमाल करने के समाचार मे अगर कोई सच्चाई है तो तत्काल मुझे सूचित करे।

मेरा मानना है कि इन सारी बातो मे सच्चाई नही होगी। पर चारो तरफ ये बाते फैली हुई है इसलिए आपसे सत्य जानने केलिए मै पत्र भेज रहा हुँ।

मुझे आपके उत्तर की प्रतिक्षा है।

धन्यवाद।

आपका,
कि. बा. हजारे (अण्णा)

कि.बा.तथा अण्णा हजारे